तकनीकी विवि में चार नए कोर्स, साइबर सिक्योरिटी भी पढ़ सकेंगे

मिशन एडमिशन

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि में दाखिलों के लिए प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। छात्र विवि के एडमिशन पोर्टल में जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उनको अपनी पसंद का कोर्स और विवि से संबद्ध 80 तकनीकी संस्थान एवं कालेज चुनने का विकल्प भी मिलेगा। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि शनिवार से पोर्टल खोल दिया गया है।

उन्होंने बताया कि विवि ने एक और बड़ा कदम ये उठाया है कि विवि की मान्यता के लिए जो भी टीम निरीक्षण को जाएगी, उसको फीस और अन्य भुगतान संस्थान नहीं करेंगे। संस्थान सारा भुगतान ऑनलाइन विवि को करेगा। जहां से वह टीम को दे दिए जाएंगे। टीम को सारी कार्रवाई का विवरण भी ऑनलाइन भरना होगा। इससे निरीक्षण और संबद्धता में पारदर्शिता आएगी। वहीं सभी संस्थानों को रोजाना छात्रों की उपस्थिति विवि को भेजनी होगी। ये भी निर्णय लिया गया कि विवि में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर साइबर सिक्योरिटी की स्थापना की जाएगी। विवि में आगामी सत्र में 20 शोधकर्ताओं को रिसर्च और टीचिंग फेलोशिप दी जाएगी। यानी वे वहीं रिसर्च करते हुए टीचिंग भी करेंगे। इसके लिए उन्हें 20 हजार प्रतिमाह फेलाशिप दी जाएगी।

प्रो. ओंकार सिंह, विवि कुलपति।

यहां करें रजिस्ट्रेशन

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट .uktech. ac. in पर जाना होगा। इसके बाद वहां एडमिशन 2023-24 पर क्लिक करना होगा। जिससे वे एक अलग पोर्टल पर पहुंच जाएंगे। वहां उन्हें विश्वविद्यालय के सभी संस्थान व कोर्स की डिटेल मिलेगी। जिसमें से वे अपनी पसंद का कोर्स और संस्थान चुन सकते हैं। वे एक से ज्यादा विकल्प भी चुन सकते हैं। छात्र जिस कालेज को चुनेंगे उसकी जानकारी संबंधित कालेज में पहुंच जाएगी। जिसके बाद कालेज छात्र से संपर्क कर अपने कोर्स, फीस व अन्य जानकारियां देंगे। इसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से फाइनल काउंसिलिंग कर छात्र को उसका मनपसंद कालेज दे दिया जाएगा। अब कोई भी कालेज या संस्थान बिना विश्वविद्यालय की अनुमति के छात्रों को एडमिशन नहीं दें सकेगा। जिससे डोनेशन पर कम अंकों वालों को भी एडमिशन देने की निजी संस्थानों की मनमानी पर पांबदी लग जाएगी।

ये होंगे नए कोर्स

इस सत्र से विश्वविद्यालय कई नए कोर्स शुरू करने जा रहा है। जिसमें बीटेक कंप्यूटर साइंस, बीटेक साइबर सिक्योरिटी और पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी प्रमुख कोर्स हैं। इसके अलावा इस सत्र से बीफार्मा भी शुरू होने जा रहा है। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बताया कि जल्द ही विवि लॉ के कोर्स भी शुरू करेगा। इससे छात्र-छात्राओं को काफी फायदा मिलेगा।